रोहतक
मंगलवार, 5 मार्च, 2024
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 38
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 21.9
न्यून. 5.2
haribhoomi.com


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



05 भारतीय टेट टीमों ने रचा इतिहास, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




## सुप्रीम कोर्ट का सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार

*सात जजों की संविधान पीठ का ऐतिहासिक फैसला*

*झामुमो घूस मामले में 25 साल पुराना फैसला पलटा*

# नोट लेकर सदन में वोट दिया तो मुकदमा चलेगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सहमति का ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। न्यायालय के इस फैसले से सांसदों एवं विधायकों को संरक्षण देने संबंधी उसका झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में 1998 का फैसला पलटा है। यह मामला 1993 में पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव की सरकार के लिए खतरा पैदा करने वाले अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के लिए पांच झामुमो नेताओं के रिश्वत लेने से जुड़ा है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

**भाषण देने के लिए रिश्वत ली तो सांसदों, विधायकों पर कार्रवाई**

**सदन सदस्यों के भ्रष्टाचार-रिश्वतखोरी से लोकतंत्र की नींव कमजोर होगी**



### इस मामले में सुनाया फैसला

पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

### ये की तल्ख टिप्पणियां

- अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है, जिस वक्त सांसद घूस स्वीकार करता है।
- संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है, जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है।
- रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।

### पीएम ने बताया शानदार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायालय के इस फैसले को 'शानदार' करार देते हुए कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'स्वागतम, माननीय उच्चतम न्यायालय का एक शानदार निर्णय, जो स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को गहरा करेगा।'

### भ्रष्टाचार ईमानदारी नष्ट कर रहा : सीजेआई

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

### इधर, ये भी आदेश

### आप 15 जून तक दफ्तर खाली करे

सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) को राउज एवेन्यू स्थित कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया है। अदालत ने पाया कि इस भूमि को न्यायिक अवसंरचना के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आप से कहा कि वह अपने कार्यालयों के वास्ते भूमि के आवंटन के लिए भूमि एवं विकास कार्यालय से संपर्क करे। पीठ ने कहा, 'हम एलएंलएंडडीओ से आवेदन पर विचार करने और चार सप्ताह की अवधि के भीतर निर्णय करने का अनुरोध करेंगे।' 'आप' के पास इस जमीन पर बने रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। वहीं, दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आप देश की छह राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है। इसलिए उसे सही जगह उपलब्ध करवाई जाए।

## राठी हत्याकांड के 2 शूटर गोवा से पकड़े, 8 दिन के रिमांड पर

### आरोपित सौरव-आशीष नांगलोई के रहने वाले

**चंडीगढ़/बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपितों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल, झज्जर पुलिस और एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को सोमवार को बहादुरगढ़ की अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें आठ दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बता दें कि राठी और जयकिशन की 25 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 4 आरोपित आशीष, सौरव, नकुल और अतुल हैं। इनमें से पुलिस ने दिल्ली के नांगलोई निवासी आशीष और सौरव को गोवा से पकड़ा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये शूटर ब्रिटेन में रह रहे गैंगस्टर कपिल सांगवान के साथी हैं। सांगवान ने सोशल मीडिया पोस्ट कर राठी की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।



ब्रिटेन में रह रहे गैंगस्टर कपिल सांगवान के साथी

*गृहमंत्री विज बोले- पुलिस ने अच्छा काम किया*

### गृहमंत्री विज ने सीएमओ को भेजा पत्र जल्द होगी सीबीआई जांच की सिफारिश

राठी हत्याकांड मामले में गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अच्छा काम किया है। जल्द ही सभी आरोपित गिरफ्त में होंगे। उन्होंने कहा कि हमने सीबीआई जांच की सिफारिश के लिए हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) पत्र भेज दिया है। सीएमओ से हरी झंडी मिलते ही पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या की सीबीआई जांच के लिए सिफारिश केंद्र को भेज दी जाएगी। इस हत्याकांड को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से गंभीर है। बता दें कि विज ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाने का आश्वासन दिया था।

**सांगवान ने मुहैया करवाए हथियार**

पुलिस टीम का कहना है कि सांगवान ने चारों हमलावरों को हथियार और कारतूस मुहैया कराए थे। नकुल और अतुल शनिवार को गोवा स्थित होटल से चले गए थे। दिल्ली पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सांगवान का बड़ा भाई ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा हत्या के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं और आगामी दिनों में हरियाणा पुलिस उससे पूछताछ कर सकती है।

## इसरो के चीफ एस सोमनाथ को कैंसर, इंटरव्यू में किया कन्फर्म

बोले, आदित्य-एमल-1 लॉन्चिंग के दिन चेकअप के लिए गए थे, तभी पता लगा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ (60) को कैंसर होने का पता चला है। सोमनाथ ने एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में इस बात को कन्फर्म किया है। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग (23 अगस्त) के समय से स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशानियां आ रही थीं। हालांकि उस समय कुछ भी क्लियर नहीं था। मुझे भी इसे (कैंसर) लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। आदित्य-एल-1 की लॉन्चिंग (2 सितंबर) के दिन हेल्थ इश्यूज के चलते चेकअप के लिए गया तो स्कैन में पेट में कैंसर कोशिकाओं में ग्रोथ का पता चला। सोमनाथ का ऑपरेशन हो चुका है। कीमोथेरेपी भी हुई।



## खबर संक्षेप

### किसान आंदोलन से जुड़े मुद्दे गंभीर : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने किसानों के प्रदर्शन से संबंधित मुद्दे को गंभीर करार देते हुए कहा कि वह केवल प्रचार पाने के लिए अखबारों की रिपोर्ट के आधार पर याचिका दायर करने से बचें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रबंध निदेशक व याचिकाकर्ता एग्नोस्टोस थियोस को अपनी याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी। भाषा

### समुद्र में ट्विन विमानवाहक ऑपेरशन देखेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना के शीर्ष कमांडर अरब सागर में नौसेना के दो विमानवाहक पोतों में से एक पर आयोजित होने वाले सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की मंगलवार को व्यापक समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वह सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे। भाषा

### राजौरी में गोली चलने से जवान की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एलओसी के पास सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। भाषा

### चंडीगढ़ में भाजपा ने वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर का पद जीता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के लिए हुए पुनर्मतदान में भाजपा के उम्मीदवारों ने आप समर्थित कांग्रेस उम्मीदवारों को पछाड़कर वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की। भाजपा नेता कुलजीत सिंह संधू वरिष्ठ उपमहापौर और राजिंदर शर्मा उपमहापौर चुने गए हैं। भाषा

**आबकारी नीति मामला**

### वीसी से ईडी के सामने पेश होने को तैयार : केजरीवाल


**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में ईडी द्वारा जारी आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए, लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। जांच एजेंसी केजरीवाल के डिजिटल माध्यम से पेश होने के अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकती और मामले में पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी का इरादा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के बीच गिरफ्तार करना है।



**सीएम बोले, मुआवजा देगी सरकार**

### किसान फसली नुकसान का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दें

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को ऐलान किया कि किसान प्रदेश में हुई बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि के कारण हुए फसली नुकसान की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करें। इससे नुकसान का समय पर आकलन किया जा सकेगा और किसानों को समय पर मुआवजा भी मिलेगा। सीएम ने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसान अपनी फसलों में हुए नुकसान का ब्यौरा 15 मार्च, 2024 तक अपलोड करें। पोर्टल www.ekshatipurti.haryana.gov.in उपलब्ध है, जिस पर किसान अपने फसली नुकसान का ब्यौरा जल्द दर्ज करवाएं। प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। वह हर मुसीबत में किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है।



**सरकार ने की घोषणा**

### बेंगलुरु कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए करेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बेंगलुरु के एक मशहूर कैफे में हुए बम विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गयी है। सरकार के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। सूत्रों के अनुसार, विस्फोट की जांच एनआईए को सौंप दी गयी है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर इस मामले की जांच एनआईए को सौंपने पर विचार कर सकती है। अभी तक, इस विस्फोट के मामले में कर्नाटक पुलिस की जांच में एनआईए, राष्ट्रीय सुरक्षा समूह (एनएसजी) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारियों ने मदद की है।



**मुहिम** लालू के कटाक्ष के बाद भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर शुरू किया अभियान

*मोदी बोले-देशवासियों के लिए बचपन में घर छोड़ा, इनके लिए जीवन खपा दूंगा*

# शाह, नड्डा और मनोहर समेत तमाम नेताओं ने एक्स पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल समेत तमाम भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में अभियान शुरू कर दिया। एक दिन पहले राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पटना में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मोदी पर 'अपना परिवार' नहीं होने को लेकर कटाक्ष किया था। इसके बाद भाजपा नेताओं ने मोदी के समर्थन में यह अभियान चलाया।

### यह कहा लालू ने

लालू ने एक रैली में कहा था, 'अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते हैं। वह सच्चे हिंदू नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।'




### मोदी बोले- भ्रष्टाचार में डूबे इंडी गठबंधन के नेता

पीएम नरेंद्र मोदी ने लालू के आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना में एक रैली में कहा, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं... आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा, आपके सपने ही मेरा संकल्प होंगे। जिंदगी खपा दूंगा, आपके सपनों को पूरा करने के लिए, आपके बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल करने के लिए।'



खबर संक्षेप

## आप प्रदेश प्रवक्ता मनोज राठी ने पार्टी छोड़ी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा भेजा है।

## जजपा की नव संकल्प रैली 13 को हिसार में

**चंडीगढ़।** 13 मार्च को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर जेजेपी हिसार लोकसभा में नव संकल्प रैली करेगी। इस रैली में हिसार लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग शामिल होंगे। जेजेपी की यह सातवीं लोकसभा रैली होगी। इससे पहले जेजेपी सोनीपत, फरीदाबाद, भिवानी-महेंद्रगढ़, सिरसा, कुरुक्षेत्र, करनाल लोकसभा में रैलियां कर चुकी है।

## आयुर्वेद को प्रोत्साहन दे रही सरकारः यादव

**नारनौल/ चंडीगढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है और वर्तमान सरकार ने आयुर्वेद को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक अनुकरणीय कदम उठाए हैं। सरकार ने नारनौल के गांव पटीकरा में बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला है ताकि युवा वर्ग इस पद्धति में डिग्री लेकर लोगों की सेवा कर सकें।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी घोषित

**पंचकूला।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा पंचकूला ओबीसी मोर्चा ने जारी की नए ज़िला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की सूची। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील धीमान ने सोमवार को मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री करण देव कंबोज, प्रदेश नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा से विचार विमर्श कर अपनी नई जिला टीम की घोषणा कर दी। नई सूची में पुराने चेहरों के साथ कुछ नए चेहरे शामिल किए गए हैं।

## महंगाई के प्रदेश की जनता परेशान : राठी

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर साकेतड़ी और महादेवपुर के दर्जनों युवाओं और महिलाओं ने पार्टी प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी और मनमोहन सिंह रिंकू की अगुवाई में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सुरेंद्र राठी ने कहा कि महिलाओं ने बताया कि सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। सरकार महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं कर पा रही है। जिससे लोग परेशान है।

# एनएच-19 से डीएनडी-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक तक एलिवेटिड रोड बनेगा

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में दी गई मंजूरी

## एलिवेटिड रोड पर लगभग 163 करोड़ लागत आएगी, सरकार ने कार्य किया आवंटित

■ बैठक में 80 एजेंडे रखे गए और 76 को मिली मंजूरी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-19 से डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक तक एलिवेटिड रोड (सर्विस रोड के साथ) का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए आज यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 163 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 2352 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 74 करोड़ रुपये की बचत की गई है

बैठक में परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। बैठक में कुल 80 एजेंडे रखे गए और 76 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

**जीएमडीए में190 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मिली मंजूरीः** बैठक में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के तहत लगभग 190 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें द्वारका एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ साढ़े 7 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण, बारिश के पानी की निकासी, धनवापुर एसटीपी के लिए 33/11केवी सब-स्टेशन, चंडु बुढेडा और बसई के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से संबंधित कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, बैठक में जिला पंचकूला के सेक्टर-20 में स्थापित 18.24 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक में जिला पलवल के गांव सुल्तानपुर के निकट लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से यमुना नदी पर अतिरिक्त रैनीवेल के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### झज्जर व रेवाड़ी के लिए ये मंजूरी

जिला झज्जर के गांव छारा में स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के अंतर्गत सीवरेज सिस्टम के तहत 1 एसटीपी के निर्माण सहित अन्य कार्यों को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, जिला रेवाड़ी के 16 गांवों को नहर आधारित जलापूर्ति हेतु अतिरिक्त स्टोरेज टैंक का निर्माण, चरखी दादरी में मौजूद वॉटर वर्क्स का उन्नयन, रेवाड़ी के खाटेला में 14 गांवों और एक ढाणी को जलापूर्ति हेतु अतिरिक्त स्टोरेज टैंक का निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### यहां बनेंगे भवन

बैठक में हिसार व करनाल में नये रेस्ट हाउस, चरखी दादरी लघु सचिवालय में आवासीय भवनों का निर्माण, जिला परिषद रेवाड़ी के भवन का निर्माण, टोहाना में पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस भवन व स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### मंगाली में बनेगा कन्या महाविद्यालय

बैठक में जिला हिसार के मंगाली में राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण हेतु एजेंडे को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस महाविद्यालय पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, जिला करनाल की नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में नीलोखेड़ी-खारसा-ढांड रोड पर एसवाईएल और एनबीके कनाल पर लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से 2 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से जिला सिरसा के ऐलनाबाद में अनाज मंडी व लक्कड़ मंडी के विस्तार को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त, राजस्व तथा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, बिजली निगमों के चेयरमैन पीके दास, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक मोहम्मद शाइन, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ अमित अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति होगी सम्मानित



**चंडीगढ़।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हरियाणवी प्रतिभाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने यह बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों को लेकर गठित कमेटी की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार हासिल करने वाली महिला को 5 लाख रुपये की राशि, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

## महाग्राम योजना के तहत 113 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सात जिलों में ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 113 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर 121 करोड़ खर्च होंगे। ये परियोजनाएं यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, फरीदाबाद, झज्जर, भिवानी और दादरी में शुरू होंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली उक्त 113 परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इस संबंध में एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि 2 परियोजनाएं महाग्राम योजना के तहत और 108 परियोजनाएं ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा 3 परियोजनाएं सीवरेज और स्वच्छता के तहत स्वीकृत हैं। प्रवक्ता ने बताया कि महाग्राम योजना के तहत स्वीकृत दो परियोजनाओं में जल आपूर्ति योजना बौंद कलां का विस्तार, पंपिंग और डीआई पाइप लाइनें बिछाकर लोहारू नहर से गांव बौंद कलां, बास, बौंद खुर्द में 4 मौजूदा जल कार्यों के लिए पानी उपलब्ध कराना शामिल है। इस पर 69.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह से गांव धनाना, जिला भिवानी में सीवरेज सुविधा और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर 33.39 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

## किसान परिवार के घर शोक जताने पहुंचे सुशील गुप्ता



कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़ आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को बाबैन क्षेत्र के खिड़की वीरान गांव पहुंचकर बिजली गिरने से मां-बेटे की मौत होने पर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में आम आदमी पार्टी परिवार के साथ खड़ी और सरकार से परिवार का आर्थिक सहायता देने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि 28 साल के युवा रमन सैनी और 52 वर्ष की उसकी मां सरोज खेत में काम करते हुए बिजली गिरने से अचानक परमात्मा में विलीन हो गए।


### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

DD NO. 24 Dt. 29-02-2024 U/S 174 CrPC PS CIVIL LINE DISTT. SONIPAT.

**पुरुष मृतक की पहचान**

नाम- नामपता नामालुम।
पिता/पति का नाम- नामपता नामालुम
उम- करीब 30/32 वर्ष
कद- 5 फुट 4 ईन्च
हुलियाः- रंग सावला, गोल चेहरा हष्ट-पुष्ट शरीर, दाहिने हाथ की कलाई पर सुरमा से JS लिखा हुआ व बाए हाथ की कलाई पर लाल डोरा बंधा हुआ।
पहनावाः- नीले रंग की जीन्स, मल्टीकलर का कम्बल, काली जैकेट टोपी वाली, ब्राउन रंग की बैल्ट पहने हुए है।



दिनांक 29.02.2024 को नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश चन्दन पट्रोल पम्प के सामने न्यु महाबीर कोलोनी सोनीपत की तरफ सड़क किनारे पर मिली है। नाश सोनीपत हस्पताल की मोर्चरी हाउस में शिनाख्त हेतु 72 घन्टे के लिए रखी गयी है। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं.- 7419410533,
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 9466461687,
कन्ट्रोल रुम सोनीपतः 0130-2222903,

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/2203/2024/25558/88/6 दि. 04.03.24


## खेल विवि के वीसी ने राज्यपाल से की भेंट



**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से सोमवार को रस्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई, सोनीपत के नवनयुक्त कुलपति अशोक कुमार ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल हरियाणा ने उनकी इस नियुक्ति के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। उल्लेखनीय है कि कुलपति अशोक इससे पहले उत्तराखंड राज्य में पुलिस महानिदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है और अब सेवानिवृत्त होने के उपरांत कुलपति का पद ग्रहण किया है। उन्होंने राज्यपाल को भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## जीत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे : सैनी

**रोहतक/ चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के निमित्त भारतीय जनता पार्टी अपने आगामी कार्यक्रमों के मेगा प्लान के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने रोहतक के एक होटल में चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों के सामने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। प्रदेश की सभी दसों लोकसभा सीटों को भारी बहुमत से जीतने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सैनी ने इस बैठक में बताया कि किस तरह से जीत को आगे बढ़ना है।





भर्ती प्रक्रिया
चरण 1 – नामांकित केन्द्रों पर सभी उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई)। इसके अतिरिक्त, क्लर्क/एसकेटी श्रेणी हेतु टाइपिंग टेस्ट।
चरण 2 – भर्ती रैलियों के दौरान सीईई क्वालीफाइड उम्मीदवारों के लिए फिजिकल फिटनेस टेस्ट।
चरण 3 – अनुकूलनशीलता परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा

अधिक विवरण हेतु पधारें www.joinindianarmy.nic.in
Scan the QR Code for more information

महत्वपूर्ण जानकारी :
– ऑनलाइन पंजीकरण 22 मार्च 2024 तक खुला है।
– खिलाड़ियों, एनसीसी सर्टिफिकेट धारकों, आईटीआई क्वालीफाइड और डिप्लोमा धारकों हेतु बोनस अंक।
– पंजीकरण और परीक्षा प्रक्रिया पर वीडियो और अभ्यास हेतु मॉक टेस्ट्स ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।
दलालों और धोखेबाजों के झांसे में न आएं। किसी स्पष्टीकरण हेतु निकटतम एआरओ से सम्पर्क करें।
cbc 10601/13/0069/2324



### हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134154
(www.hssc.gov.in)

**सार्वजनिक सूचना**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि विज्ञा. सं. 1/2023, ग्रुप-डी कॉमन कैडर / बोर्ड / निगम हेतु सभी सीईटी-2023 ग्रुप-डी क्वालीफाइड उम्मीदवारों से लिंक https://adv12023.hryssc.in पर पधारकर प्राथमिकता पोर्टल के माध्यम से आज अप. 1.00 बजे से अर्थात 04.03.2024 से 06.03.2024 तक अप. 5.00 बजे तक प्राथमिकताएं आमंत्रित की जाती हैं।

- इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि 38 से 47.5 के बीच सीईटी अंकों वाले अनक्वालीफाइड सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों को भी प्राथमिकता पोर्टल के माध्यम से अपनी प्राथमिकताएं भरने के लिए अनुमति दी गई है, जो करेक्शन पोर्टल के माध्यम से आवेदित अनुसार श्रेणी परिवर्तन के लिए उनका दावा वैध पाए जाने के अधीन है।
- इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को सूचित भी किया जाता है कि आयोग ने यथोचित विचार-विमर्श के पश्चात निर्णय लिया है कि यदि कोई उम्मीदवार अपनी प्राथमिकता नहीं भरता है, तो उनकी प्राथमिकताएं डिफॉल्ट रूप से निम्नलिखित क्रम में विचारणीय होंगी :-

| क्र.सं. | विभाग / बोर्ड/निगम |
|---|---|
| 1. | कॉमन कैडर ग्रुप 'डी' |
| 2. | हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लि. (एचएआईसी) |
| 3. | हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम |
| 4. | हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड |
| 5. | हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ |
| 6. | हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड |
| 7. | हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा) |
| 8. | हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड |
| 9. | हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण |
| 10. | हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. (हारट्रॉन) |
| 11. | हरियाणा राज्य सहकारी संघ चीनी मिल्स लि. |
| 12. | हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड |
| 13. | हरियाणा महिला विकास निगम, पंचकुला |
| 14. | हाउसिंग बोर्ड हरियाणा |
| 15. | एचपीएससी |
| 16. | कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड |
| 17. | पुलिस आवास निगम |
| 18. | रजिस्ट्रार सहकारी समितियां |
| 19. | एससी वित्त एवं विकास निगम |
| 20. | राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी |
| 21. | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान |
| 22. | हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड |

- केवल वे उम्मीदवार जो प्राथमिकता पोर्टल पर विधिवत पधार कर ग्रुप डी पदों के लिए अपनी सहमति विकल्प 'नहीं' चुनते हैं, ग्रुप डी भर्ती की आगे प्रक्रिया हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
- यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु भी है कि उनकी जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी इत्यादि में परिवर्तन, यदि कोई हो, के सम्बन्ध में अपने दावे, जैसा कि समर्थित दस्तावेजों सहित करेक्शन पोर्टल के माध्यम से लिये गये हैं, संवीक्षाकृत किए जा रहे हैं। दावे, संवीक्षा के पश्चात यदि वैध पाए जाते हैं, अन्तिम परिणाम की घोषणा से पूर्व विधिवत अद्यतन किए जाएंगे।
- यदि किसी उम्मीदवार का उपरोक्त बिन्दुओं के सम्बन्ध में कोई मुद्दा है, तो वह समर्थित दस्तावेजों सहित पंचकूला में आयोग के कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान 06.03.2024 को अप. 5.00 बजे तक सम्पर्क कर सकता/सकती है।

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 04.03.2024

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/623/2024/25577/88/6 दि. 04.03.24


## किसानों को जल्द मुआवजा दे सरकार : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा है कि हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ है। पहले ही महंगाई की मार झेल रहे प्रदेश के किसानों पर अब मौसम की मार पड़ी है। इसलिए सरकार को चाहिए कि ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की तुरंत स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। सैलजा ने बारिश और भारी ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के कई जिलों में किसानों की खराब हुई फसल पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि किसान पहले से ही भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है।

## लोकसभा सीटों पर गठबंधन के नेताओं की भी नजर

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार लोकसभा मिशन-2024 फतेह करने में जुटे भाजपा के सियासी दिग्गज हरियाणा में जजपा को साथ लेकर चलने की तैयारी में हैं। हाईकमान की ओर से कोई फरमान जारी हुआ, तो जजपा को एक से लेकर दो सीटों तक पर मौका दिया जा सकता है, हालांकि प्रदेश भाजपा के नेताओं की राय इस मामले में बिल्कुल विपरीत है। सूत्रों का कहना है कि पश्चिमी यूपी में रालोद के नेता जयंत चौधरी के साथ में गठबंधन के साथ ही अब हरियाणा में भी जजपा नेताओं को लोकसभा में हिस्सेदारी मिलने के चांस लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस बारे में पार्टी के नेताओं द्वारा हाईकमान के सामने भी अपना पक्ष रखा जा रहा है। कुल मिलाकर भाजपा हाई कमान के नेता भी गठबंधन के साथी को लेकर चलने के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। कुल मिलाकर अगर हाईकमान का आदेश हुआ, तो प्रदेश इकाई को निर्देश मानने होंगे, उस सूरत में लोकसभा की दस सीटों से एक से लेकर दो सीटों तक दिए जाने की चर्चाओं को पंख लग गए है। दूसरी तरफ, एनडीए में शामिल जजपा नेताओं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और वरिष्ठ नेता जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला इस पर फिलहाल शांत हैं। भाजपा की ओर से भी लगातार अपने एनडीए के साथियों को पूरी तरजीह दी जा रही है। यहां पर यह भी बता दें कि पिछले दिनों रेवाड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन पर मंच साझा करने का मौका भी दिया गया था। जजपा क्योंकि सूबे में सरकार की साथी है, इसलिए रेवाड़ी का भी आमंत्रण नेताओं को था, एनडीए के साथी और एक वक्त में खुद डिप्टी सीएम के दादा पूर्व सीएम रहे ओपी चौटाला भी एनडीए में रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### यूजी-पीजी यूएमसी सुनवाई के लिए बैठक 12 से

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर व संबंधित महाविद्यालयों में दिसंबर 2023 में हुई यूजी व पीजी प्रथम, तृतीय, पांचवें एवं सातवें सेमेस्टर की परीक्षाओं में अनुचित साधन मामलों यानि यूएमसी के तहत रखे गए विद्यार्थियों की सुनवाई के लिए यूएमसी स्थाई समिति की बैठक 12,13, 14 व 15 मार्च को प्रातः 11 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय आईजीयू मीरपुर में होगी।

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्त की मौत

**गुरुग्राम।** फूड डिलीवरी कंपनी में ऑडिट काम पूरा कर बाइक से लौट रहे दो दोस्तों की बेलगाम कैंटर की टक्कर से मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के दोस्त की शिकायत पर रविवार को बजघेडा पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के खुर्जा निवासी आमिर ने बताया कि वह दल्लिी में रहता है और फूड डिलीवरी कंपनी में ऑडिट का काम करता है। दोस्त बंटी आकाश और चंद्र के साथ बाइक पर ऑफिस जा रहे थे।

# बच्चों के झगड़े में दो पक्षों में चले गंडासे-डंडे-ईंट, 12 लोग घायल

## फतेहाबाद में वारदात से हड़कंप, महिला को उठाने का भी प्रयास

- घायलों को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया
- दोनों पक्ष एक दूसरे पर झगड़ा करने के आरोप पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन घायल। फोटो : हरिभूमि

जिले के गांव बैजलपुर में दो परिवारों में खूनी संघर्ष हो गया। बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद दोनों तरफ के लोगों में जमकर गंडासे, डंडे और ईंटें चली। इसमें 12 के करीब व्यक्ति घायल हो गए। इनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर झगड़ा करने के आरोप लगा रहे हैं। गांव बैजलपुर में हुए विवाद में एक पक्ष के ईश्वर सिंह ने बताया कि वह मजदूरी करता है। कल शाम को दोनों पक्षों के बच्चों में कोई कहासुनी हो गई थी, जिसे निपटा दिया गया था। इसके बाद देर रात को संजय, पवन, मोनू व कुछ अन्य लोग लाठी डंडे, गंडासी लेकर उनके घर आ गए।

आरोप है कि उन्होंने ईश्वर सिंह की पत्नी सुमन को उठाने का प्रयास किया तो उसके बेटे भूपेश ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया, जिस पर उस पर हमला कर दिया। ईश्वर सिंह ने बताया कि इसके बाद उसने व उसके परिवार के अन्य लोगों ने बीच बचाव किया तो उन पर लाठी डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया, जिनमें 42 वर्षीय ईश्वर सिंह, 38 वर्षीय पत्नी सुमन, उसके बेटे 14 वर्षीय भूपेश, बेटी 17 वर्षीय आंचल, कल्पना, ईश्वर के भाई 46 वर्षीय महेंद्र, भाभी अनीता, उनका रिश्तेदार ओमप्रकाश को चोटें लगी। उधर दूसरे मामले में घायल संजय के पिता कृष्ण ने बताया कि उसका बेटा गांव में ही उसकी बहन रितु की कपड़ों की दुकान पर काम करता है। कल शाम को पड़ोस में रहने वाले ईश्वर सिंह के परिवार के युवकों ने वहां आकर पैसों को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया, जिसके बाद अन्य लोगों ने ईंटों से उन पर हमला किया। घायल रितु ने बताया कि वह अपनी बड़ी दुकान संभालने उकलाना गई थी, बाद में फोन पर उसे सूचना मिली तो वह गांव बैजलपुर वाली दुकान में पहुंची, जहां सारी दुकान तहस नहस थी। मामले में 24 वर्षीय संजय, उसके पिता 50 कृष्ण कुमार, 50 वर्षीय राम सिंह, रितु आदि को चोटें लगी हैं, जिन पर विजय, राहल, भरतू, साहिल आदि ने ईंटों से हमला किया था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### तस्कर को 3 साल की कैद और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा

**कैथल।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट संगीता राय सचदेव की अदालत ने चरस बेचने का धंधा करने के दोषी को 3 साल के कठोर कारावास और 25000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 3 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में थाना सदर में 16 मार्च 2020 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी)(2)(बी) के तहत मुकदमा नंबर 62 दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने की। गोयल ने केस फाइल के हवाले से बताया कि 16 मार्च 2020 को पुलिस पार्टी गश्त करते हुए गांव खुराना में पशु हस्पताल के सामने पहुंची। वहां एक व्यक्ति ने सूचना दी कि राजेन्द्र सिहं उर्फ कालु निवासी खुराना चरस बेचने का धंधा करता है। इस पर पुलिस ने योजना बनाकर गिरफ्तार कर लिया था।



थाना सदर में 16 मार्च 2020 को मामला दर्ज किया गया था

**होटल का बिजली कनेक्शन की एवज में मांगे रुपये**

# बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते जेई तथा एजेंट दबोचा

- वॉयस रिकॉर्डिंग के आधार पर जेई को भी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार को होटल का बिजली कनेक्शन लेने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते जेई तथा एजेंट को काबू किया है। एजेंट पर आरोप है कि उसने बिजली निगम उचाना के जेई के कहने पर रिश्वत राशि ली है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने एजेंट तथा जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। गांव छात्तर निवासी जैकी उर्फ जोनी ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव में होटल है। होटल के लिए उसे बिजली का कमर्शियल कनेक्शन लेना था। जिसकी एवज में उचाना बिजली निगम का जेई बिचपुरी सोनीपत निवासी सुरेशचंद्र खासा 20 हजार रिश्वत मांगने पर काबू कर लिया।

### हिसार: एएसआई 5500 रुपये रिश्वत लेते काबू

**हिसार।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मिलगेट थाना में तैनात एएसआई अजय कुमार को 5500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इससे पहले वह शिकायतकर्ता से तीन हजार रुपये ले भी चुका था। उस पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है और कल अदालत में पेश किया जाएगा। इस संबंध में डाबड़ा गांव निवासी सुरेंद्र ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसका भाई नवीन गाड़ी चलाता है। उसके खिलाफ किसी महिला ने मिलगेट थाना में शिकायत दी थी। इस पर एएसआई अजय ने फोन करके नवीन को बुलाया और कहा कि उस पर केस दर्ज होगा और अंदर भी जाना पड़ेगा। यदि वह बचना चाहता है तो 10 हजार रुपये दे दे। इस पर नवीन ने कहा कि फिलहाल उसके पास तीन हजार रुपये ही है, बाकी रुपये वह बाद में दे देगा। सुरेन्द्र की शिकायत के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए काबू कर लिया।

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल के 51 केस दर्ज, पर्यवेक्षक को किया रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेशभर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी,शैक्षिक मुक्त विद्यालय, रसायन विज्ञान लेखांकन लोक प्रशासन विषय एवं डीएलएड् रि.अपीयर व मर्सी चांस की परीक्षा सुचारू रूप से शान्तिपूर्वक संचालित हुई तथा कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल के 51 मामले दर्ज किए गए। यह जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने दी है। उड़नदस्ते भिवानी व रोहतक के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर छापेमारी की गई, जहां परीक्षाएं नकल रहित शान्तिपूर्वक चल रही थी। पलवल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां अनुचित साधन के 6 मामले दर्ज किए गए। परीक्षा केन्द्र कॉलम्बस स्कूल, बागपुर पलवल पर नियुक्त पर्यवेक्षक जोगेन्द्र सिंह, प्रवक्ता अंग्रेजी को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के चलते कार्यभार मुक्त किया गया। नकल के 45 मामले दर्ज किए गए। 1090 परीक्षा केन्द्रों पर सीनियर सेकेंडरी के 81,341 परीक्षार्थी एवं डीएलएड की परीक्षा में 2,552 छात्र प्रविष्ट हुए।

### साइबर ठगी के मास्टर माइंड बैंक अधिकारी सहित तीन गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर थाना ईस्ट पुलिस साइबर ठगी करने वाले मास्टर माइंड बैंक अधिकारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों से ठगी हुई राशि को लेने के लिए साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों में से एक बैंक मैनेजर है तो दूसरा बैंक में सेल्स मैनेजर है। वहीं, तीसरा साथी भी बैंक में ही कार्यरत है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अभी उस मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी करने में कामयाब नहीं हुई है जो लोगों को अपने जाल में फंसाता था। दरअसल, अप्रैल 2023 में एक व्यक्ति को फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया था।

### होटल में गोली चलाने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया के होटल में बर्थडे मनाने पहुंचे युवक द्वारा गोली चलाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल, एक व्यक्ति ने थाना मानेसर में शिकायत दी थी कि वह आईएमटी मानेसर स्थित होटल में नौकरी करता है। बीती 19 फरवरी की रात को कुछ युवक होटल में जन्मदिन मनाने आए थे। इस दौरान उनका आपस में झगड़ा हो गया और एक युवक ने दूसरे युवक को गोली मार दी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। कुछ समय पश्चात वे वापस होटल आए और होटल स्टाफ को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

**स्कॉर्पियो सवार युवकों ने दिया वारदात को अजाम**

## डिस्पोजल पंप आपरेटर समेत दो पर चढ़ाई गाड़ी, पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


तिकोना पार्क के डिस्पोजल पंप के आपरेटर तथा उसके साथी पर कहासुनी के बाद स्कॉर्पियो सवारों ने गाड़ी को चढ़ा दिया। जिसमें दोनों घायल हो गए। घायल आपरेटर की गंभीर हालात देख पीजाआई रोहतक रेफर किया गया है। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। डिस्पोजल पंप आपरेटर विक्की बीती रात तिकोणा पार्क डिस्पोजल पर ड्यूटीरत था। उसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी वहां पर आकर रूकी। जिसमें से उतरे युवक वहां पर शौच करने लगे। विक्की ने रोका तो वे उसके साथ मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद शिवपुरी कॉलोनी निवासी संदीप ने विक्की को बचाने की कोशिश की ओर मारपीट का विरोध किया। जिस पर आरोपितों ने दोनों पर गाड़ी चढा दी। जिसमें गाड़ी विक्की की छाती के ऊपर से तथा संदीप की टांगों के ऊपर से गुजर गई। जिसमें संदीप की टांगें टूट गई। विक्की भी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों को इक्कठा होता देख आरोपित कैथल की तरफ फरार हो गए। दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिक्तित्सकों ने विक्की की गंभीर हालात देख रोहतक पीजीआई रेफर दिया।

### बरवाला: बिजली के करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**बरवाला।** गांव राजली में बिजली के करंट की चपेट में आने से लगभग 15 वर्षीय 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र मोहित की मौत हो गई है। मृतक मोहित परिवार का इकलौता चिराग था। लगभग 15 वर्ष पूर्व मोहित के पिता राजेंद्र की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सोमवार को मोहित का गमगीन माहौल में गांव के स्वर्ग आश्रम में अंतिम संस्कार किया गया। 15 वर्षीय मोहित रविवार को गांव राजली स्थित स्कूल में खेल रहा था। इस खेल में उनकी गेंद स्कूल के बाथरूम पर चली गई। उसको लेने के लिए मोहित बाथरूम की छत पर चढ़ा तो मोहित छत पर 1000 वोल्टेज की लाइन के करंट की चपेट में आ गया।

### दो युवकों ने पेट्रोल पंप से गन प्वाइंट पर 50 हजार की नकदी लूटी

**बाढ़ड़ा।** अटेला कलां व बरसाना के बीच नेशनल हाईवे 334 बी पर स्थित एक पेट्रोल पंप से हथियारबंद दो युवकों द्वारा गन प्वाइंट पर सेल्समैनों से करीब 50 हजार रुपये की नकदी लूट कर ले जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। बजीना निवासी पेट्रोल पंप मालिक ने रात को पुलिस को कॉल की थी । उसने बताया था अटेला कलां के समीप पेट्रोल पंप पर दो नकाबपोश युवकों ने गन प्वाइंट व चाकू की नोक पर दो सेल्समैन से करीब 50 हजार रुपये की नकदी लूटकर भाग गए हैं।



# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस, लारा की जगह विटोरी मुख्य कोच


एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह पिछले तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था।

वह आईपीएल नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 के सत्र में टीम की अगुवाई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमारे नए कप्तान पैट कमिंस।'

## मार्कराम ने दिलाई सिर्फ चार जीत

सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर रही थी। उसकी टीम तब 14 लीग मैच में से केवल चार में जीत दर्ज कर पाई थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने इस साल एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन इसके बावजूद वह आईपीएल में अपनी कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। वह हालांकि टीम का हिस्सा बने रहेंगे।



## वार्नर और विलियमसन भी कर चुके कप्तानी

*सनराइजर्स पिछले तीन साल में अपने कप्तान बदलता रहा है। इसकी शुरुआत 2021 में हुई जब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटा दिया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में ही 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान नियुक्त किया गया।*

## पहली बार संभालेंगे कमान

*कमिंस इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स की तरफ से आईपीएल में खेल चुके हैं। हालांकि आईपीएल में यह पहला अवसर होगा जबकि वह किसी टीम की कप्तानी करेंगे। असल में कमिंस को टी20 में शीर्ष स्तर पर कप्तानी करने का अनुभव नहीं है। कमिंस को हालांकि ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए अपार सफलता मिली है। उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीता।*



## विटोरी बने मुख्य कोच

नए कप्तान के अलावा सनराइजर्स ने 2024 आईपीएल सत्र के लिए ब्रायन लारा की जगह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह टीम के नए तेज गेंदबाजी कोच होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 में अपना अभियान 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुरू करेगी।

## कॉनवे का बाहर होना तय



*न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट के कारण कम से कम आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे जिससे उनका इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी20 श्रृंखला के दौरान 32 वर्षीय कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा। इस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे।*

## 42 मैच में झटके 45 विकेट

आईपीएल में कमिंस ने अभी तक 42 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 45 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट है। इसके अलावा उन्होंने 379 रन बनाए हैं जिनमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 66 रन है।

## खबर संक्षेप



### मेरा सौवां टेस्ट मेरी मां को समर्पित : बेयरस्टो

**धर्मशाला।** इस सप्ताह सौवां टेस्ट खेलने जा रहे इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने यह उपलब्धि कैंसर को मात देने वाली अपनी मां को समर्पित की है जो कठिन समय में उनकी ताकत और परिवार को बांधने वाली शक्ति रही है। उन्होंने कहा, 'जब मैं खेलता हूं तो कई बार अपने पिता के बारे में सोचता हूं। लेकिन अब मां के बारे में ज्यादा सोचता हूं जिन्होंने इतना कुछ होने पर हम पर आंच नहीं आने दी। हमें एक परिवार के रूप में एकजुट रखा। वह मेरी ताकत रही हैं।'

### यशस्वी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बना चुके भारत के सलामी बल्लेबाज



यशस्वी जायसवाल आईसीसी फरवरी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पाथुम निसांका भी नामित हैं। आईसीसी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने फरवरी 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए महिला और पुरुष वर्ग में नामांकन का ऐलान किया है।'

### रऊफ का अनुबंध बहाल करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का केंद्रीय अनुबंध देश के क्रिकेट बोर्ड की कानूनी टीम की समीक्षा के बाद बहाल किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के



आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से इनकार कर दिया था और पीसीबी ने उनके इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान सुपर लीग के शुरू होने से दो दिन पहले उनका केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने तीनों टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके क्लीनस्वीप किया था।

### बी साइ प्रणीत ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कह दिया और अब वह अमेरिका में एक क्लब से मुख्य कोच के रूप में जुड़ेंगे। हैदराबाद के 31 वर्ष के प्रणीत ने तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन उसके बाद से चोटों से जूझ रहे हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा ,'' मिले जुले जज्बात के साथ मैं इन शब्दों के जरिये उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जो 24 से अधिक साल से मेरे लिये सब कुछ रहा है।'' उन्होंने लिखा ,' आज मैं नये अध्याय की शुरूआत कर रहा हूं और अपने अब तक के सफर के लिये अभिभूत और कृतज्ञ हूं।''

## रणजी ट्रॉफी : तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया


# 41 बार की चैंपियन मुंबई 48वीं बार खिताब के लिए देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत 41 बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को यहां तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम मुंबई 48वीं बार फाइनल में पहुंची गई। इससे पहले मुंबई 41 बार चैंपियन और छह बार रनर-अप रही। टीम ने आखिरी खिताब 2016 में जीता था।

टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने मैच में शतक लगाया। उनकी यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली सेंचुरी रही। इसके साथ ही उन्होंने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में भी इतने ही विकेट लिए। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर दो विकेट और 16 रन देकर दो विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने दूसरे दिन सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में सात विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई थी।





### विदर्भ ने की मप्र के खिलाफ वापसी

*नागपुर। यश राठौड़ के नाबाद 97 रन की मदद से विदर्भ ने मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन सोमवार को शानदार वापसी करते हुए छह विकेट पर 343 रन बनाए। राठौड़ ने 165 गेंदों का सामना किया। कप्तान अक्षर वाडकर ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 139 गेंद में 77 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट की साझेदारी में 158 रन जोड़े जबकि एक समय विदर्भ ने पांच विकेट 161 रन पर गंवा दिए थे। विदर्भ के पास अब 261 रन की बढ़त है। विदर्भ ने पहली पारी में 170 रन बनाए थे। जवाब में मध्य प्रदेश की टीम ने 252 रन का स्कोर किया था।*

# भारतीय टेटे टीमों ने रचा इतिहास, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया। पिछले महीने बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और इसके समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में सात स्थान बचे थे जिनके लिए टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा, 'ताजा विश्व टीम रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया।' महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर काबिज था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने भी पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाया।

## पहली बार टीम देगी चुनौती

भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया, 'आखिरकार भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैं लंबे समय से यह देखना चाहता था। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह सच में बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया।'भारतीय टेबल टेनिस इतिहास में यह शानदार उपलब्धि है क्योंकि यह पहली बार होगा जब देश 2008 बीजिंग ओलंपिक में शामिल किए जाने के बाद टीम स्पर्धा में हिस्सा लेगा।

## मेजर लीग सॉकर

# मेसी और सुआरेज का डबल इंटर ने ओरलैंडो को रौंदा



एजेंसी ▶▶| लाउडरडेल

यह वह नजारा था जो कभी स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए देखने को मिलता था। लियोनल मेसी और लुई सुआरेज की जोड़ी ने जो कभी बार्सिलोना के लिए किया, वही पहली बार अपने नए अमेरिकी क्लब इंटर मियामी के लिए करके दिखाया। इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में ओरलैंडो सिटी पर 5-0 से जीत दर्ज की, जिसमें मेसी और सुआरेज ने दो-दो गोल किए। सुआरेज ने खेल के सात मिनट में ही दो गोल कर डाले और बाद में मेसी के एक गोल में उन्होंने सहायता भी की। मेसी और सुआरेज की बदौलत इंटर मियामी ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। एमएलएस में मेसी ने एक मैच में पहली बार दो गोल किए। मेसी और सुआरेज के अलावा बार्सिलोना में उनके पूर्व साथी सर्गियो बस्कुए और जोर्डी एल्बा की मौजूदगी में मियामी की टीम बिल्कुल बदली हुई नजर आई।

## मंधाना और पैरी के अर्धशतकों के दम पर आरसीबी ने यूपी वारियर्स को हराया

**बेंगलुरू।** कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आरसीबी ने तीन विकेट पर 193 रन बनाये। पैरी ने 37 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिये 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन ही बना सके। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरू चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे। वारियर्स की शुरूआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बना डाले। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मैडन डाला लेकिन इसके बाद हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की।

## मैं प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज कर दिया। साक्षी ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी ने रोते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। साक्षी मलिक ने कहा, एक साल से ज्यादा का समय हो गया है, इतना ज्यादा मानसिक दबाव है और हम हर संभव तरीके से इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं।

# सिटी ने यूनाइटेड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर


फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी थी।

इस गोल की मदद से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था। मैनचेस्टर सिटी ने दूसरे हाफ में अच्छी वापसी की। फोडेन ने 56वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 80वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से एक अंक पीछे है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के 27 मैच में 44 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।



## केटी बोल्टर ने जीता सैन डिएगो ओपन का खिताब

**सैन डिएगो।** इंग्लैंड की गैरवरीयता प्राप्त केटी बोल्टर ने उलटफेर करने का अपना सिलसिला जारी रखते हुए फाइनल में यहां



यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता।

बोल्टर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और कोस्त्युक को 5-7, 6-2, 6-2 से पराजित करके अपने करियर का दूसरा एकल खिताब हासिल किया। इंग्लैंड की यह 27 वर्षीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर चैंपियन बनी।

## फ्रेंच ओपन : पेरिस में सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज आज

# सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक और चिराग

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी। फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए भी यह टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण है।



## जू से होगा प्रणय का सामना

पुरुष एकल में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वह यहां उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल लक्ष्य सेन पिछले कुछ समय से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनको पहले दौर में ही जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी अपने शुरुआती मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से कड़ी चुनौती मिल सकती है, जबकि युवा प्रियांशु राजावत पहले दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ियां पहले दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।

## चिंतन

# 'धन लेकर मत देने' पर 'सुप्रीम' सख्ती जरूरी

देश में लोकतांत्रिक सुधार की दिशा में सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। नोट लेकर वोट देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में 5 जजों की संविधान पीठ के 1998 वाले फैसले को पलट दिया है। शीर्ष अदालत ने कानून के संरक्षण में सांसदों-विधायकों को छूट देने से इनकार कर संसदीय भ्रष्टाचार पर विराम लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को घूस की छूट नहीं दी जा सकती है, मत देने के बदले या किसी के फेवर में सदन में ममला उठाने या भाषण देने के बदले नोट लेने वालों पर केस चलेगा। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। देश में अनेक ऐसे मामले आए हैं, जिनमें सांसदों पर वोट के बदले नोट लेने और सदन में मामले उठाने के लिए पैसे या उपहार लेने के आरोप लगे हैं। उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच के ताजा फैसले से सांसदों एवं विधायकों को संरक्षण देने संबंधी उसका झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में 1998 का फैसला खारिज हो गया है। यह मामला 1993 में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी. नरसिम्हा राव की सरकार के लिए खतरा पैदा करने वाले अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के लिए पांच झामुमो नेताओं के रिश्वत लेने से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला सांसदों और विधायकों को इम्युनिटी प्रदान करता था। अब यह इम्युनिटी खत्म हो गई है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद 5 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान पीठ ने व्याख्या में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त सदस्य एक आपराधिक कृत्य में लिप्त होता है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। दरअसल, यदि सांसद या विधायक अपना मत देने के लिए धन लेते हैं, तो यह देश की संसदीय प्रणाली को, जनादेश को, लोकतंत्र में आस्था को, नीति निर्माण को और जनप्रतिनिधियों की साख को व्यापक रूप से हानि पहुंचाता है। सांसदों-विधायकों द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है। वोट के बदले नोट, संसद में नोट उछालने का प्रकरण, पैसे लेकर फेवर में सवाल पूछने आदि के अनेक प्रकरण हैं। ताजा प्रकरण महुआ मोइत्रा का है, जिन पर उपहार लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगे। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का असर दूरगामी होगा। अभी कुछ ही दिन पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने हेट स्पीच, व्यक्तिगत अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सभी दलों व नेताओं को सख्त हिदायत दी है कि आरोप सिद्ध हुए, सांसदी चली जाएगी। इस तरह के फैसले से देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।



राजनीति
आशीष वशिष्ठ

# विपक्ष के सामने नेतृत्व संकट

**भाजपा नीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? इंडी गठबंधन पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रुख कभी साफ नहीं रहा। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। क्या इस चुनाव में विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?**

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा नीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने चेहरा कौन होगा?
भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।
इंडी गठबंधन पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा।

बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, 'आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है, जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर जाना पसंद करते हैं।
ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन



में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रुख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।
नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावितों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है।
देश की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।
प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं।

पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है। पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

झारखंड गैंगरेप
प्रभुनाथ शुक्ल




# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा को लेकर उठते सवाल

भारत घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं, वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है।

दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है। विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं, वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है। भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। विदेशी पर्यटक भारत में हर जगह सुरक्षित रहे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### भर्ती परीक्षाओं में हेराफेरी रोकना जरूरी

सरकार भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए और सख्त से सख्त कानून बना दे तो मेहनतकश युवाओं के लिए बहुत अच्छा प्रयास सरकार का होगा, लेकिन सवाल तो यह है कि क्या अभी तक इन भर्ती परीक्षाओं में धांधली चलती आ रही थी? अगर ऐसा है तो जिन मेहनतकश युवाओं के साथ जो छल हुआ, उसका प्रायश्चित कैसे होगा? जिनका कैरियर धांधली के कारण खराब हुआ, उसका क्या? प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए सरकारों ने विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए बोर्ड बनाए, क्योंकि विभागों में सीधी भर्ती करने से हेराफेरी के ज्यादा चांस होते थे।

**- चंदन अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### देश माफ नहीं करेगा



इंडिया गठबंधन परिवार से आगे किसी को नहीं देख सकता, लालू जी ने ये सिद्ध कर दिया। जीवन का क्षण क्षण 140 करोड़ परिवारजनों के लिए समर्पित करने वाले प्रधानमंत्री के बारे में कहे गए अपशब्दों के लिए ये देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### 1000 रुपये प्रतिमाह



महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने महिलाओं को सालाना 12 हज़ार रुपए की सौगात दी है। 18 साल से अधिक उम्र की सभी बहन-बेटियों, माताओं और बहनों को अब मुख्यमंत्री सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### पद खाली क्यों हैं



केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हज़ार पद खाली हैं। रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। क्या केंद्र सरकार के पास जवाब है कि 30% से अधिक पद खाली क्यों हैं?

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### जल्द नई तकनीक आएगी



भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक गेम चेंजर है, लोग इसके दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में अनावश्यक रूप से चिंता करते हैं। क्योंकि एआई के मौजूदा अवतारों को मात देने के लिए जल्द ही एक नई तकनीक आ जाएगी।

**-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**

## करंट अफेयर

# नाटो ने फिनलैंड व नार्वे में किया अभ्यास शुरू

उत्तर अटलांटिक संघ संगठन (नाटो) अपने नव-विस्तारित नॉर्डिक क्षेत्र की रक्षा के लिए आज से एक अभ्यास शुरू किया। तेरह देशों के 20,000 से अधिक सैनिक फिनलैंड, नॉर्वे और स्वीडन के उत्तरी क्षेत्रों में लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने वाले अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। फिनलैंड की सेना के अनुसार, इस अभ्यास में फिनलैंड के 4,000 से अधिक सैनिकों के भाग लेने की योजना है तथा नॉर्वे के नेतृत्व में आयोजित 'नॉर्डिक रिस्पांस 2024' किसी विदेशी अभ्यास में नाटो के नवागंतुक देश की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी का प्रतिनिधित्व करता है। फिनिश रक्षा बलों ने एक बयान में कहा, 'पहली बार, फिनलैंड गठबंधन के क्षेत्रों की सामूहिक रक्षा में नाटो सदस्य राष्ट्र के रूप में भाग ले रहा है।' रूस के साथ 1,340 किलोमीटर (830 मील) की सीमा साझा करने वाला फिनलैंड दशकों के सैन्य गुटनिरपेक्षता के बाद एक ऐतिहासिक कदम के तहत अप्रैल 2023 में नाटो में शामिल हुआ था। पंद्रह मार्च तक चलने वाले अभ्यास में भाग लेने वाले देश बेल्जियम, ब्रिटेन, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्पेन, स्वीडन और अमेरिका हैं।



## ऑफ बीट

# बिना सहमति नहीं किया जा सकता चेहरे का डेटा एकत्र

सुबह की शुरुआत एक मित्र के संदेश से हुई : 'मैंने अपने मिडजर्नी के स्थानीय संस्करण को प्रशिक्षित करने के लिए आपकी तस्वीरों का उपयोग किया है। मुझे आशा है कि आप बुरा नहीं मानेंगे', इसके बाद मेरी कुछ तस्वीरें सामने आईं। वास्तव में मन ही मन मुझे बुरा लगा। मुझे अपमानित महसूस हुआ. क्या आपको ऐसा नहीं लगेगा? मुझे पता है कि टेलर स्विफ्ट ने ऐसा तब किया था जब उनकी डीपफेक तस्वीरें इंटरनेट पर आई थीं। लेकिन क्या मेरा चेहरा कानूनी तौर पर किसी सेलिब्रिटी के चेहरे से अलग है? आपके चेहरे की जानकारी व्यक्तिगत संवेदनशील जानकारी का एक अनूठा रूप है। यह आपकी पहचान कर सकता है। गहन प्रोफ़ाइलिंग और व्यापक सरकारी निगरानी पर अधिक ध्यान दिया जाता है। लेकिन व्यवसाय और व्यक्ति ऐसे टूल का भी उपयोग कर रहे हैं जो चेहरे की जानकारी एकत्र, संग्रहीत और संशोधित करते हैं, और हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) टूल से उत्पन्न फ़ोटो और वीडियो की अप्रत्याशित लहर का सामना कर रहे हैं। इन उपयोगों के लिए कानूनी विनियमन का विकास धीमा है। हमारे चेहरे की जानकारी को किस स्तर पर और किस तरह से संरक्षित किया जाना चाहिए?




**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप



कोलकाता। थोक फूल बाजार में विक्रेता मालाओं को बेचते हुए।

### सेना का कमांडो सिपाही भर्ती में अनफिट करार

**नई दिल्ली।** सेना में 17 साल तक कमांडो रहे जवान को दिल्ली पुलिस भर्ती के मेडिकल टेस्ट में अनफिट बता दिया है। जवान ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) का दरवाजा खटखटाया है। यूपी के रहने वाले अमरीश कुमार अप्रैल 2005 में सेना में कमांडो बने थे। जबकि अप्रैल 2022 में सेवानिवृत के दौरान सेना ने उन्हें शारीरिक रूप से फिट बताते हुए शेप-1 कैटेगरी में माना।

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन चार रवाना

**केप केनवरल (एपी)।** चार अंतरिक्ष यात्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप (रॉकेट द्वारा संचालित अंतरिक्ष यान) के आगमन की निगरानी करेंगे। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।

### हैती की जेलों के टूटे ताले भागे 4 हजार कैदी

**हैती(एजेंसी)।** कैरेबियाई देश हैती में लंबे समय से हिंसा चल रही है। रविवार रात यहां इतना उग्र प्रदर्शन हुआ कि जेलों के भी ताले टूट गए और करीब चार हजार खूंखार कैदी फरार हो गए। इन कैदियों में कई हत्यारे, किडनैपर और अपराधी शामिल हैं। वहीं पूरे देश में 72 घंटे का आपातकाल लगा दिया गया है।

### आबूधाबी के हिंदू मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



## डेफकनेक्ट 2024 सम्मेलन में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# हम सैन्य साजो-सामान मामले में आयात पर निर्भर नहीं रह सकते

### घरेलू रक्षा उत्पादन का वार्षिक आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा

### रक्षा प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 'अदिति' योजना लॉन्च

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत जैसा विशाल देश सैन्य साजो-सामान के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि ऐसी निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए ''घातक'' हो सकती है।

राजनाथ सिंह ने 'डेफकनेक्ट 2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि रक्षा आयात पर निर्भरता के कारण भारत को अतीत में ''मुश्किल समय'' में परेशानी का सामना करना पड़ा था। साथ ही उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन का वार्षिक आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है जो 2014 के आसपास लगभग 44,000 करोड़ रुपये था।



नई दिल्ली। मानेकशॉ सेंटर में डेफकनेक्ट 2024 कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हैं, राज्य मंत्री अजय भट्ट और रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने।

#### डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'अदिति' योजना लांच की। यह योजना युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी। कार्यक्रम में डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (डीआईएससी) के 11वें संस्करण का भी शुभारंभ किया गया।

रक्षा मंत्री से चर्चा करते वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी



### नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का पहला संस्करण आज से

नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन का पहला संस्करण मंगलवार से प्रारंभ होने जा रहा है। इस बार यह सम्मेलन हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसका पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उन दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे। नौसेना की 'ट्विन कैरियर ऑपरेशंस' संचालित करने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।



## फ्रांसीसी विदेश महासचिव से मिले जयशंकर

# भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**भारत-फ्रांस ने 1998 में रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश किया, भारतीयों की संख्या 4 लाख से अधिक**

विदेशमंत्री एस. जयशंकर की सोमवार को फ्रांस के विदेश मामलों के मंत्रालय के महासचिव ऐनी-मैरी डेस्कोट्स के साथ मुलाकात की। बैठक के दौरान एस.जयशंकर ने भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया।

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने भरोसा जताया कि विदेश कार्यालय परामर्श और रणनीतिक अंतरिक्ष डायलॉग जैसी पहलें दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। विदेशमंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। 1998 में, दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश किया जो आज भी द्विपक्षीय संबंधों के साथ- साथ अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी निरंतर सहयोग बना हुआ है। 29 फरवरी को मुंबई में फ्रांसीसी महावाणिज्यदूत जीन-मार्क सेरे-चार्लेट ने भारत और फ्रांस के बीच मजबूत होते संबंधों और भारत-प्रशांत क्षेत्र में साझा दृष्टिकोण और हितों के बारे में बात की।

### चंद्रयान-3 के बाद धरती से 400 किमी दूर स्थित होगा स्पेस स्टेशन

**इसरो के वैज्ञानिकों का काम शुरू**

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत की स्पेस साइंस में ख्याति का डंका विश्व भर में बज रहा है। रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बनाने वाला दुनिया का चौथा देश बनने जा रहा है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन भेजने की व्यवस्था कर ली जाएगी। मिशन की तैयारी का दौर शुरू हो चुका है। भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन में किस तरह की तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इस पर इसरो के वैज्ञानिक काम करना शुरू कर चुके हैं। इस स्पेस स्टेशन को निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसका नाम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

### कर्नाटक में युवक ने तीन छात्राओं पर तेजाब फेंका, एक की हालत नाजुक

**लोगों ने आरोपित को धर दबोचा**

**मंगलूरु (भाषा)।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के कड़बाद इलाके में तीन छात्राओं पर केरल के मलप्पुरम के 23 वर्षीय युवक ने सोमवार को तेजाब फेंक दिया जिसमें तीनों झुलस गईं, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण कन्नड के पुलिस अधीक्षक रिष्यंथ ने बताया, मलप्पुरम के नीलांबुर तालुक के रहने वाले युवक आबिन की मलप्पुरम जिले की रहने वाली छात्रा(17) से पहले से पहचान थी, छात्रा बाद में कड़बाद में सरकारी प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने आ गई । किशोरी दो अन्य सहेलियों के साथ पढाई कर रही थी कि उसी समय आबिन पहुंचा और उस पर तेजाब फेंक दिया।

### शहबाज शरीफ ने दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

**राष्ट्रपति आरिफ ने पद की शपथ दिलाई**



**इस्लामाबाद (भाषा)।** शहबाज शरीफ ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वह 2022 के बाद दूसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे। शहबाज ने दूसरी बार ऐसे समय में पाकिस्तान की बागडोर संभाली है, जब देश आर्थिक बदहाली का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन 'ऐवान-ए-सद्र' में आयोजित समारोह में 72 वर्षीय शहबाज को पद की शपथ दिलाई।




## 15 महीने की साझेदारी में मतभेद

# प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से गठबंधन तोड़ा, मंत्रिमंडल में फेरबदल

भाषा ▶▶ काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने नेपाली कांग्रेस के साथ लगभग 15 महीने की साझेदारी को मतभेदों के कारण सोमवार को खत्म कर दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन किया, जिसके बाद सोमवार तीन मंत्रियों ने शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, सीपीएन (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।



**पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी के साथ नया गठबंधन किया**

- हालांकि, नवनियुक्त मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे गए हैं।
- पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे।
- सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने पीएम आवास पर प्रचंड से मुलाकात की व नया गठबंधन बनाने को लेकर चर्चा की।
- कुछ परियोजनाओं में बजट आवंटन पर नेपाली कांग्रेस नेता एवं वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत व प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ने के बाद दोनों दलों में दरार बढ़ गई।

## यूएस लेखक को एनसीडब्ल्यू प्रमुख का जवाब

# भारत महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर: रेखा शर्मा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा और एक अमेरिकी लेखक के बीच तीखी तू-तू मैं-मैं हुई और इस दौरान शर्मा ने जोर दिया कि भारत महिलाओं की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेता है। रेखा शर्मा ने झारखंड के दुमका में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर कथित तौर पर देश को बदनाम करने के लिए अमेरिका निवासी लेखक पर सोमवार को निशाना साधा। भारत महिलाओं की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेता है और समय-समय पर लागू किए गए कड़े कानून इसका सबूत हैं।



दुमका में स्पेन की महिला पर्यटक से बलात्कार के बाद की थी पोस्ट

#### 'एक्स' पर यह की पोस्ट

लेखक डेविड जोसेफ वोलोड्जको ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने महिला मित्रों को सलाह दी है कि वे अकेले भारत की यात्रा नहीं करें। दुमका में स्पेन की पर्यटक से कथित सामूहिक बलात्कार के बाद डेविड का यह पोस्ट सामने आया। डेविड ने दुर्व्यवहार-उत्पीड़न की कुछ घटनाओं का भी उल्लेख किया, जिनमें महिला के साथ छेड़छाड़ से संबंधित घटना भी शामिल है।

## पुणे में दो संगठनों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने की अनुमति के मामले में टिप्पणी

# शिक्षा को हमारी संस्कृति में पवित्र माना जाता है, पर अब पहुंच से परे

भाषा ▶▶ मुम्बई

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि शिक्षा को भारतीय संस्कृति में पवित्र माना जाता है, लेकिन अब यह पहुंच से बाहर हो गई है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सभी की पहुंच हो। न्यायमूर्ति ए एस चंदूरकर और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने पुणे में दो संगठनों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने की अनुमति नहीं देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को रद करने से इनकार करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

उच्च न्यायालय ने 21 फरवरी के अपने आदेश में कहा कि अदालत शिक्षा नीति मामलों में विशेषज्ञ नहीं है और राज्य सरकार सर्वश्रेष्ठ का चयन करने के लिहाज से सर्वोत्तम प्राधिकार है।

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिक्षा की बढ़ती लागत की निंदा की



**राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं की खारिज**

अदालत ने कहा कि केवल चुनने की शक्ति को मनमाना नहीं कहा जा सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि पुणे को दशकों से 'पूर्व के ऑक्सफोर्ड' के रूप में जाना जाता है और इसने ना केवल भारत बल्कि अन्य देशों के विद्यार्थियों को भी आकर्षित किया। इसके परिणामस्वरूप पुणे शैक्षिक संस्थानों का केंद्र बन गया।" अदालत ने कहा कि समय बीतने के साथ ना केवल पुणे बल्कि इसके आसपास के क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है और यहां कॉलेज और विद्यालय स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यद्यपि शिक्षा हमारी संस्कृति में पवित्र मानी जाती है लेकिन समय में बदलाव के साथ इसने अलग रूप ले लिया है और अब यह पहुंच से परे हो गई है।" अदालत ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में यह सुनिश्चित करना राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सभी तक पहुंचे ताकि मानवता के विकास को हासिल किया जा सके। अदालत ने जागृति फाउंडेशन और संजय मोदक एजुकेशन सोसाइटी द्वारा दायर दो याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य सरकार द्वारा पिछले साल पुणे में शैक्षिक संस्थान स्थापित करने की अनुमति देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

### लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ हाईवे बंद



देहरादून। पहाड़ों पर मॉनसून आफत बनकर बरस रहा है. उत्तराखंड और हिमाचल में बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, कई सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड के चमोली जिले के लगभग सभी हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है. इस कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद है। हालांकि, प्रदेश में अगले दो दिन भारी वर्षा नहीं होने की संभावना जताई गई है। केवल उत्तरकाशी, हरिद्वार जनपद और कुछ अन्य जगहों पर एक से दो दौर भारी वर्षा हो सकती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25